4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

विज्ञापन कर दीजिए, दुगने आप जनाब।
हर बंदा दुगनी यहां, पीने लगे शराब।
पीने लगे शराब, चढ़ाएं दारू सब ही।
दुगनी होगी आय, आबकारी से तब ही।
कह साहिल कविराय, हमीं कर दें सत्यापन।
जगह-जगह पर चलो, टांग दें अब विज्ञापन।
- डॉ. राजेन्द्र साहिल



VOL: 11 | ISSUE 39 | FRIDAY 20-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com







# कनाडा में पंजाबी व्यापारियों पर गैंगस्टरों का साया, पुलिस ने जारी की विशेष एडवाइजरी

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। कनाडा में बढ़ती गैंगस्टर गतिविधियों ने प्रवासी पंजाबी कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। हाल के महीनों में रंगदारी मांगने और फायरिंग की घटनाओं में इजाफा हुआ है, जिससे व्यापारिक समुदाय में असुरक्षा का माहौल बन गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कनाडा सरकार ने अवैध तरीके से रह रहे या फर्जी शरणार्थी दावों के जरिए ठिकाना बनाए गैंगस्टरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि 296 संदिग्ध अपराधियों की सूची तैयार की गई है, जिनमें से 32 के खिलाफ डिपोर्टेशन के आदेश जारी हो चुके हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि कुछ हाई-प्रोफाइल गैंगस्टर भी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।




## पंजाबी भाषा में चेतावनी जारी

ब्रिटिश कोलंबिया के सरे, एडमोंटन और पील रीजन जैसे इलाकों में रंगदारी के मामलों के बाद पुलिस ने पहली बार पंजाबी भाषा में एडवाइजरी जारी की है। अधिकारियों का कहना है कि गिरोह पहले फोन कॉल या मैसेज के जरिए मोटी रकम की मांग करते हैं और इनकार होने पर घरों या व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश करते हैं।

## 'सरे एक्सटॉर्शन टिप लाइन' शुरू

स्थिति से निपटने के लिए सरे पुलिस ने 'सरे एक्सटॉर्शन टिप लाइन' (236-485-5149) शुरू की है, जो सप्ताह में सातों दिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सक्रिय रहेगी। लोगों से अपील की गई है कि वे डरने के बजाय गोपनीय तरीके से जानकारी साझा करें।


अपराध पर लगाम लगाने के लिए 2.5 लाख कनाडाई डॉलर का इनाम फंड भी बनाया गया है। दोषियों की गिरफ्तारी या सजा सुनिश्चित करने वाली पुख्ता सूचना पर 1 लाख डॉलर तक का इनाम दिया जा सकता है। इसे कनाडा की बड़ी इनामी योजनाओं में गिना जा रहा है।

## विशेष टास्क फोर्स का गठन

सरे पुलिस सर्विसेज ने 'प्रोजेक्ट अश्योरेंस' के तहत 15 अधिकारियों और सिविल स्टाफ को विशेष जांच में लगाया है। साथ ही एक एक्सटॉर्शन टास्क फोर्स गठित की गई है, जिसमें इमिग्रेशन अधिकारी भी शामिल हैं। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है और अन्य शहरों की पुलिस के साथ खुफिया जानकारी साझा की जा रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि संगठित अपराध के इस बढ़ते नेटवर्क का सबसे ज्यादा असर मेहनत से कारोबार खड़ा करने वाले प्रवासी समुदाय पर पड़ रहा है। पुलिस ने साफ किया है कि सामुदायिक सहयोग और समय पर सूचना के बिना इस चुनौती से पूरी तरह निपटना संभव नहीं होगा।

# सोलन और शिमला के लिए तेज कनेक्टिविटी, नितिन गडकरी ने पंजाब में 6-लेन रोड लिंक के लिए 1,500 करोड़ रुपये मंजूर किए



चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। केंद्र ने पंजाब में छह-लेन, एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड स्पर बनाने के लिए 1,500 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं, जिसका मकसद चंडीगढ़ ट्राइसिटी इलाके में कनेक्टिविटी को काफी बेहतर बनाना और ट्रैफिक की भीड़ कम करना है। नया कॉरिडोर नेशनल हाईवे 205अ के अंबाला-चंडीगढ़ सेक्शन को जीरकपुर बाईपास से जोड़ेगा, जो प्रस्तावित ट्राइसिटी रिंग रोड प्रोजेक्ट का एक अहम हिस्सा होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट मोहाली, चंडीगढ़ और पंचकूला में बड़े शहरी जंक्शनों पर भीड़ कम करने के लिए डिजाइन किया गया था, ताकि भारी ट्रैफिक को शहर की सड़कों से दूर किया जा सके। अभी, ठल्ह-44, ठल्ह-205अ और ठल्ह-152 के मुख्य हिस्सों पर गाड़ियों के बढ़ते लोड और एक राज्य से दूसरे राज्य में आने-जाने की वजह से अक्सर रुकावटें आती हैं। नए स्पर से इन हाईवे पर दबाव कम होने और ट्रैफिक फ्लो के बेहतर होने की उम्मीद है। शहरी इलाकों को राहत देने के अलावा, इस प्रोजेक्ट से रीजनल कनेक्टिविटी भी बढ़ने की उम्मीद है। गडकरी ने लिखा कि यह कॉरिडोर हिमाचल प्रदेश, खासकर शिमला इलाके की ओर तेज और आसान यात्रा को आसान बनाएगा, जिससे आने-जाने वालों और टूरिस्ट दोनों का यात्रा समय कम होगा। उन्होंने कहा कि बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से सामान और यात्रियों की तेज आवाजाही से इलाके में इकोनॉमिक इंटीग्रेशन मजबूत होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रोजेक्ट को इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने, शहरी विस्तार में मदद करने और उत्तरी भारत में ओवरऑल ट्रांसपोर्ट एफिशिएंसी में सुधार करने के लिए एक स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट के तौर पर देखा जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ में निवेश अवसरों पर पीएचडी चैंबर-फिको का संयुक्त सत्र, उद्योगपतियों ने दिखाई गहरी रुचि

लुधियाना, यूटर्न, 19 फरवरी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन (फिको) के सहयोग से छत्तीसगढ़ में निवेश संभावनाओं पर एक उच्च-स्तरीय बिजनेस सेशन आयोजित किया। इस मंच ने उद्योगपतियों और नीति-निमार्ताओं को सीधे संवाद और व्यावहारिक चर्चा का अवसर प्रदान किया। सत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (CSIDC) के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर विश्वेश कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एवन साइकिल्स लिमिटेड के चेयरमैन पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा मुख्य अतिथि और फिको के प्रधान गुरमीत सिंह कुलार गेस्ट ऑफ ऑनर रहे।




बैठक में छत्तीसगढ़ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पॉलिसी 2024-30 पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जो सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल ग्रोथ, रोजगार सृजन और पर्यावरण-अनुकूल उद्योगों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य 100% पावर सरप्लस है और उद्योगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध है। टेक्सटाइल सेक्टर में 180% तक तथा अन्य क्षेत्रों में 90% तक संभावित रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट की जानकारी भी साझा की गई। नीति के तहत चार नए इंडस्ट्रियल पार्क, मार्जिन मनी सब्सिडी, ट्रेनिंग रीइंबर्समेंट और मजबूत ईज-ऑफ-डूइंग-बिजनेस तंत्र जैसे प्रोत्साहन शामिल हैं। सत्र के अंत में उद्योगपतियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश के अवसरों को लेकर गंभीर रुचि दिखाई।

# नाबालिग लड़की लापता, शादी का झांसा देकर ले जाने के आरोप में मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार थाना सिद्धवां बेट में एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच एएसआई द्वारा की जा रही है। शिकायत के अनुसार लगभग 16 वर्षीय नाबालिग लड़की 10 फरवरी को बाजार में खरीदारी के दौरान लापता हो गई। परिजनों द्वारा अपने स्तर पर तलाश के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जानकारी मिली कि एक युवक द्वारा उसे शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा नाबालिग की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नाबालिग की पहचान कानून के तहत गोपनीय रखी जा रही है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम


The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 39 | FRIDAY 20-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लोकल बॉडी मंत्री अरोड के अपने शहर में ही अवैध निमार्णों की भरमार

## रिहायशी इलाकों में 100 से अधिक कमर्शियल निर्माण से बढ़ा ट्रैफिक संकट, क्या कार्रवाई करेगा प्रशासन?


लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड


सीए ग्लाडा संदीप कुमार








लुधियाना, यूटर्न, 19 फरवरी। वर्ष 2022 में सत्ता में आई पंजाब सरकार ने करीब 4 साल के कार्यकाल में अवैध रियल एस्टेट सैक्टर पर जितनी नकेल कसी थी आखरी साल में वह सारी नकेल फिसलती नजर आ रही है। ताजा मामला पखोवाल रोड पर विभिन्न कलोनियों में धड़ले से चल रहे इलीगल निर्माण का सामने आया है। चचाओं की माने तो पखोवाल रोड की विभिन्न कालोनियों एवं मुख्य सड़क पर सुपर फास्ट स्पीड से करीब 100 से अधिक अवैध बिल्डिंगे निर्माण अधीन है लेकिन ग्लाडा और संबंधित विभाग न केवल चुपी साधे है बल्कि ऐसे अनजान बने हुए है जैस उन्हें कुछ पता ही नहीं।

जबकि सामान्य जनता और इलाकावासियों ने जनहितैषी एवं यूटर्न टाइम मिडिया समूह को जानकारी दी की सत्ताधिन राजनेताओं की शह पर

पखोवाल रोड शहीद भगत सिंह नगर ( एसबीएस )से लेकर , सराभा नगर एक्सटेंशन , टॉप एन्क्लेव , ठाकुर एन्क्लेव , बसंत ऐवीन्यू, सिंगला एवक्लेव इत्यादि में जमकर रिहायशी एवं कमर्शियल बिल्डिंगों के निर्माण हो रहे है। जिसमें ग्लाडा के निचे से लेकर ऊपर तक अधिकारीयों की मिली भगत है। चचाओं अनुसार कलोनियों की मुख्य सड़कों पर रिहायशी प्लाटों पर कमर्शियल बिल्डिंगे बन रही है जिसमें सत्ताधारी पार्टी के बड़े राजेताओं की थापी है ग्लाडा कर्मी अपने साथ राजनेताओं की चाय पानी का खर्च उठा रहे है। खुले तौर पर ग्लाडा को किसी भी बिल्डिंग को रोकने एवं कार्यवाही करने की परमिशन नहीं है।

अवैध बिल्डिंगों के निर्माण की आढ़ में मोटी ऊग्राहि चल रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की पिछले 6 माह में पखोवाल रोड पर ट्रैफिक 3 से 4 गुना हो गया है जो ट्रैफिक केवल विवाह शादी के दिनों में केवल रात के समय होता था वर्तमान समय में सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक हर समय ट्रैफिक जाम मिल रहे है। बड़ी बात यह है प्रशासन को इसकी सुध नहीं है या जानबूझ कर अनजान बने हुए है।

## 108 एम्बुलेंस ने एम्बुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव, माँ और नवजात दोनों स्वस्थ



डेराबस्सी, यूटर्न, 19 फरवरी। त्वरित प्रतिक्रिया और उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल का परिचय देते हुए 108 एम्बुलेंस टीम ने एम्बुलेंस के अंदर सफल आपातकालीन प्रसव कराकर माँ और नवजात बच्ची को अस्पताल में भर्ती करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रीमती चंदा देवी, पत्नी श्री कपिल कुमार, जो अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद में थीं, को लालडू से एसडीएच डेराबस्सी ले जाया जा रहा था। रास्ते में अचानक उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इस दौरान इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) पवन कुमार ने सूझबूझ और पेशेवर कौशल का परिचय देते हुए चलती एम्बुलेंस में ही स्वस्थ बच्ची का सुरक्षित जन्म कराया। पायलट दविंदर सिंह ने पूरे समय एम्बुलेंस को सुरक्षित और तेजी से अस्पताल पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लस्टर लीडर अमनदीप सिंह ने स्टाफ के टाइम से मरीज को संभालने की सराहना की। प्रसव के तुरंत बाद माँ और नवजात को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई। अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने दोनों की स्थिति को स्थिर और सुरक्षित बताया। इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए मनीष बत्रा, प्रोजेक्ट हेड, 108 एम्बुलेंस सेवा, ने कहा 'ऐसी आपात परिस्थितियाँ हमारे फील्ड स्टाफ की सतर्कता, चिकित्सकीय कौशल और टीमवर्क की परीक्षा लेती हैं। चलती एम्बुलेंस में प्रसव का सफल प्रबंधन उनकी प्रतिबद्धता और क्षमता को दशार्ता है। हमें गर्व है कि हमारी टीम ने माँ और नवजात की सुरक्षा सुनिश्चित की। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि 108 एम्बुलेंस स्टाफ आपातकालीन परिस्थितियों में भी पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ सेवाएँ प्रदान करता है। जेनप्लस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित 108 एम्बुलेंस सेवा पंजाब भर में एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा के रूप में कार्य कर रही है, जो समय पर आपातकालीन चिकित्सा सहायता और परिवहन प्रदान कर अनगिनत जीवन बचा रही है।



Uturn Time 20 Feb 2026_Layout 2 19-02-2026 23:13 Page 4



# सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कार्रवाई कालका में बिना नंबर प्लेट व ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों पर सख्ती

## 12 चालान, 14 रेहड़ी-ठेले जब्त व 2 मोटरसाइकिल इम्पाउंड





पंचकूला, यूटर्न, 19 फरवरी। पंचकूला ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से आज विभिन्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। थाना यातायात सूरजपुर की टीम ने पीएसआई अभिषेक के नेतृत्व में कालका क्षेत्र के गांधी चौक एवं रेलवे रोड पर विशेष चेकिंग के दौरान सड़क पर गलत तरीके से पार्किंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट तथा नंबर प्लेट पर टेप लगाकर चलने वाली दोपहिया वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत इम्पाउंड किया गया।

साथ ही ऑटो व मैक्सी कैब चालकों के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें निर्देश दिए गए कि निर्धारित स्थान पर ही क्रमवार वाहन खड़ा करें तथा सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से वाहन न रोकें। कालका शहर में सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाकर चालान किए गए।

इसी क्रम में थाना यातायात शहर पंचकूला की टीम ने पीएसआई वरिंदर कुमार के नेतृत्व में नगर निगम पंचकूला के सहयोग से सेक्टर 6/7 लाइट प्वाइंट से टैंक चौक तक सड़क पर अवैध रूप से लगने वाले रेहड़ी-ठेलों के विरुद्ध अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम टीम द्वारा 14 रेहड़ी-ठेले जब्त किए गए, ताकि सड़क पर अतिक्रमण व गलत पार्किंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके इस कार्रवाई के दौरान कुल 12 चालान किए गए तथा 2 दोपहिया वाहन इम्पाउंड किए गए।

पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करें तथा सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग दें। ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# मनीष तिवारी ने संसद में उठाया मेट्रो का मुद्दा, 2036 तक ट्रैफिक संकट की चेतावनी



चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। ट्राईसिटी में बढ़ते यातायात दबाव को लेकर सांसद मनीष तिवारी ने संसद में गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यदि मेट्रो परियोजना पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो वर्ष 2036 तक चंडीगढ़ की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है।

सांसद ने केंद्र सरकार से मांग की कि चंडीगढ़ मेट्रो परियोजना को 'रणनीतिक कनेक्टिविटी परियोजना' का दर्जा देकर इसके लिए करीब 25,000 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज स्वीकृत किया जाए। उन्होंने बताया कि परियोजना की अनुमानित लागत प्रारंभिक 16,000 करोड़ रुपये से बढ़कर अब लगभग 25,000 करोड़ रुपये हो चुकी है और देरी होने पर लागत और बढ़ सकती है। तिवारी ने कहा कि चंडीगढ़, मोहाली, पंचकूला और न्यू चंडीगढ़ के बीच रोजाना लाखों लोगों की आवाजाही होती है। तेजी से बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति आम हो गई है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ट्राईसिटी क्षेत्र के लिए एक एकीकृत, आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन प्रणाली समय की मांग है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि देश के 18 शहरों में मेट्रो परियोजनाएं सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं, ऐसे में चंडीगढ़ को इस सुविधा से वंचित रखना उचित नहीं है। सांसद ने चेताया कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बढ़ता ट्रैफिक न केवल शहर की रफ्तार को प्रभावित करेगा, बल्कि पर्यावरण, ईंधन खपत और आर्थिक गतिविधियों पर भी गंभीर असर डालेगा।

# पंचकूला पुलिस ने मढ़ावाला क्षेत्र में अवैध माइनिंग में लिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी



पंचकूला, यूटर्न, 19 फरवरी। पंचकूला में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मढ़ावाला चौकी टीम ने अवैध माइनिंग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए मंगलवार रात को मढ़ावाला क्षेत्र के नवानगर गांव के समीप एक ट्रैक्टर-ट्रॉली व बुधवार दिन में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली शाहपुर नदी के पास पकड़ी है।

जानकारी के अनुसार चौकी इन्चार्ज भीम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त के दौरान पाया कि अवैध खनन सामग्री को ट्रैक्टर ट्राली में भरा जा रहा था। दोनों वाहनों को मौके पर ही काबू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तुरंत माइनिंग विभाग को सूचित किया गया। माइनिंग विभाग की टीम ने दोनों वाहनों को मौके पर ही इंपाउंड कर लिया गया।

इस संबंध में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचकूला पुलिस फील्ड में सक्रिय रहते हुए अवैध माइनिंग में संलिप्त वाहनों और व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन या इससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# सफाई सेवक को परेशान करने व सरपंच परिवार को धमकियां देने पर मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार थाना सदर के एएसआई सुखदेव सिंह को गांव रसूलपुर निवासी शिकायतकर्ता जगतार सिंह ने अपने बयान में कहा है कि उनकी पत्नी कुलजीत कौर गांव की मौजूदा सरपंच हैं और गांव के अधिकांश प्रशासनिक कार्य वे स्वयं देखते हैं। बयान के मुताबिक गांव में नालियों की सफाई आदि का कार्य करने वाले सफाई सेवक गुरप्रीत सिंह उर्फ काका ने 14 फरवरी की सुबह उनके घर आकर बताया कि अमृत सिंह और अजयवीर पुत्र रामपाल सिंह उसे बिना वजह तंग-परेशान करते हैं तथा घर आकर गाली-गलौज करते हैं। इस संबंध में जगतार सिंह और प्रसन सिंह (जिसकी पत्नी जस्मेल कौर पंच हैं) मौके पर पहुंचे और आरोपियों को समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान उक्त व्यक्तियों ने उल्टा गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकियां दीं।

# पंचकूला ट्रैफिक पुलिस का सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई, 849 चालान व 2 वाहन इंपाउंड







पंचकूला, यूटर्न, 19 फरवरी। सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज थाना यातायात सिटी व सूरजपुर पंचकूला की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान पीएसआई अभिषेक व पीएसआई वरिंदर कुमार के नेतृत्व में पंचकूला शहरी क्षेत्र तथा पिंजौर क्षेत्र में संचालित किया गया। अभियान के दौरान क्षमता से अधिक सवारी ले जाने वाले 10 ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा ट्रिपल राइडिंग के 43 ऑनलाइन चालान तथा 37 ऑफलाइन चालान किए गए, वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखवाने सहित कुल 849 वाहन चालकों के चालान काटे गए और 2 वाहनों को नियम अनुसार इंपाउंड किया गया, जिसमें एक बुलेट मोटरसाइकिल भी शामिल है जिसका ₹ 39500 का चालान किया गया। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन चालकों को नियमों का पालन करने और सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी ट्रैफिक/क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन का कहा कि पंचकूला ट्रैफिक पुलिस सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील है कि स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

चंडीगढ़
III शुक्रवार, 20 फरवरी 2026
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 दिल्ली अकसमिट में मंच पर दिखी 'ठंडी जंग'...

# सौरभ जोशी ने 54वें रोज फेस्टिवल की तैयारियों का लिया जायजा, 20 फरवरी से होगा शुभारंभ






अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। शहर के प्रतिष्ठित जाकिर हुसैन रोज गार्डन में आयोजित होने वाले 54वें रोज फेस्टिवल-2026 की तैयारियों का आज मेयर सौरभ जोशी ने विस्तृत निरीक्षण किया। तीन दिवसीय यह भव्य पुष्प महोत्सव 20 से 22 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल का उद्घाटन 20 फरवरी को सुबह 11:00 बजे पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मेयर के साथ विशेष आयुक्त प्रदीप कुमार, आईएएस, सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मेयर ने मुख्य मंच, प्रदर्शनी क्षेत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, थीम आधारित गार्डन, फूड कोर्ट, बच्चों के गतिविधि क्षेत्र तथा विभिन्न स्टॉलों का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता, सुरक्षा, रोशनी, लैंडस्केपिंग और आगंतुकों की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे। मेयर ने कहा कि रोज फेस्टिवल 'सिटी ब्यूटीफुल' की पहचान है और हर वर्ष हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है।

इस वर्ष फेस्टिवल में सैकड़ों किस्मों के खिले गुलाबों की आकर्षक प्रदर्शनी के साथ-साथ लोक नृत्य, संगीत संध्या, लाइव बैंड, स्कूल प्रस्तुतियां और सेलिब्रिटी कलाकारों के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फ्लावर अरेंजमेंट, ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, रंगोली, फोटोग्राफी और बेबी शो जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी क्षेत्र भी स्थापित किया गया है, जिसमें स्वच्छता सुधार, कचरा प्रबंधन, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, हरित पहल और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया जाएगा। विभिन्न सरकारी विभाग, स्वयं सहायता समूह और स्थानीय कारीगर भी अपने उत्पादों और नवाचारों को प्रदर्शित करेंगे।

इसके अलावा विविध व्यंजनों से सुसज्जित फूड कोर्ट, बच्चों के लिए झूले, पर्यावरण जागरूकता स्टॉल और इंटरैक्टिव पब्लिक एंगेजमेंट बूथ आगंतुकों के अनुभव को और समृद्ध करेंगे। मेयर ने विश्वास जताया कि इस वर्ष का रोज फेस्टिवल पहले से अधिक भव्य, समावेशी और यादगार होगा। उन्होंने शहरवासियों से बड़ी संख्या में भाग लेकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की।

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की भूमि निजी बिल्डरों को देने से जनता को होगा बड़ा नुकसान: महंत मनोज शर्मा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। शहर में चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (CHB) की बहुमूल्य भूमि निजी बिल्डरों को सौंपे जाने की संभावनाओं को लेकर सामाजिक व धार्मिक संगठनों में चिंता बढ़ती जा रही है। इस विषय पर प्रतिक्रिया देते हुए महंत मनोज शर्मा, पूर्व सोशल मीडिया प्रभारी, विश्व हिंदू परिषद, चंडीगढ़ (पंजाब प्रांत) ने कहा कि यदि सार्वजनिक भूमि को निजी हाथों में दिया गया तो इसका सीधा नुकसान आम नागरिकों, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद परिवारों को उठाना पड़ेगा।



महंत मनोज शर्मा ने कहा कि चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की स्थापना मूल रूप से शहर के आम लोगों को सुलभ एवं किफायती आवास उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से की गई थी। यदि यही भूमि निजी बिल्डरों को दे दी जाती है, तो आवास परियोजनाएं व्यावसायिक लाभ के आधार पर विकसित होंगी, जिससे मकानों की कीमतें आसमान छूने लगेंगी और मध्यम वर्ग का अपना घर लेने का सपना अधूरा रह जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि निजी बिल्डरों द्वारा विकसित परियोजनाओं में आम तौर पर ऊंची दरों पर फ्लैट बेचे जाते हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पूरी तरह बाहर हो जाता है। इससे शहर में सामाजिक असंतुलन बढ़ सकता है और आवासीय असमानता गहराने का खतरा है। महंत मनोज शर्मा ने यह भी आशंका व्यक्त की कि सार्वजनिक भूमि का निजीकरण पारदर्शिता और जवाबदेही के सवाल भी खड़े कर सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि किसी भी निर्णय से पहले जनमत लिया जाए और शहर के दीर्घकालिक हितों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चंडीगढ़ की भूमि चंडीगढ़ की जनता की है, और इसका उपयोग जनहित में ही होना चाहिए, न कि निजी मुनाफे के लिए। उन्होंने चंडीगढ़ प्रशासन से अपील की कि आवास नीतियों में आम नागरिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए और किफायती आवास योजनाओं को प्राथमिकता दी।

## सीएम कार्यालय और चंडीगढ़ जिला अदालत को उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर



चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। पंजाब में अलगाववादी नारे के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय और चंडीगढ़ जिला अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। वीरवार को प्राप्त एक ई-मेल में दोपहर 2:11 बजे सीएम ऑफिस और 3:11 बजे अदालत परिसर में विस्फोट करने की बात लिखी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई। धमकी के बाद पंजाब सिविल सेक्टरीएट और चंडीगढ़ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर को घेरकर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता मौके पर तैनात किया गया तथा आने-जाने वालों की सघन जांच की गई। एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि धमकी भरी ई-मेल का आईपी एड्रेस विदेश से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है, जिससे जांच एजेंसियों के लिए स्रोत तक पहुंचना चुनौतीपूर्ण हो गया है। साइबर सेल तकनीकी विश्लेषण में जुटी है और संबंधित एजेंसियों से समन्वय किया जा रहा है। गौरतलब है कि हाल के महीनों में शहर के स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी दफ्तरों को भी इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि, अब तक अधिकांश मामलों में ये धमकियां अफवाह या शरारत साबित हुई हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

## चार साल पुराने रेलवे फाटक मामले में 72 वर्षीय बुजुर्ग को राहत, अच्छे आचरण पर किया गया मुक्त

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। मनीमाजरा निवासी 72 वर्षीय राम बरन को चार साल पुराने रेलवे फाटक क्षति मामले में अदालत से राहत मिल गई है। ई-रिक्शा की टक्कर से रेलवे गेट का बूम टूटने और ट्रेन करीब पांच मिनट लेट होने के मामले में दर्ज केस में अदालत ने उम्र और अब तक के अच्छे आचरण को देखते हुए उन्हें सजा देने के बजाय रिहा करने का आदेश दिया। घटना 19 नवंबर 2022 की है। अभियोजन के अनुसार सुबह लगभग 10:25 बजे रेलवे गेट नंबर 128 स्पेशल को ट्रेन संख्या 14795 (कालका-भिवानी एक्सप्रेस) को पास कराने के लिए बंद किया गया था। इसी दौरान किशनगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आया ई-रिक्शा बंद पड़े बूम से टकरा गया, जिससे ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के कारण ट्रेन करीब पांच मिनट विलंबित हुई।



रेलवे गेटमैन राम भजन सिंह ने बताया कि उन्होंने ड्यूटी के दौरान गेट बंद किया था, तभी ई-रिक्शा चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए फाटक को टक्कर मार दी। चालक को मौके पर रोककर स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। बाद में आरपीएफ ने आरोपी को हिरासत में लेकर ई-रिक्शा जब्त कर लिया। मामले में रेलवे एक्ट की धारा 160(2) और 174 के तहत केस दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी की उन्नत आयु, पूर्व में किसी आपराधिक रिकॉर्ड का अभाव और उसके अच्छे आचरण को ध्यान में रखते हुए उसे सशर्त रिहा कर दिया। अदालत ने कहा कि न्याय का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि परिस्थितियों के अनुसार सुधार का अवसर देना भी है।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर बुजुर्ग से ₹10.81 लाख की साइबर ठगी मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला, यूटर्न, 19 फरवरी। पंचकूला साइबर पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच देकर ₹10,81,285 की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।



आरोपी को 7 दिन के पुलिस रिमांड के बाद अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

मामले के अनुसार पिंजौर निवासी शिकायतकर्ता को अज्ञात व्यक्तियों ने कॉल और व्हाट्सएप के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा दिया और फर्जी मार्जिन ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाकर चरणबद्ध तरीके से लाखों रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए। बाद में फर्जी स्क्रीनशॉट भेजकर उन्हें गुमराह किया गया। शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम सेक्टर-20 में 29 जनवरी को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि ठगी की राशि गुजरात स्थित बैंक खातों में ट्रांसफर हुई थी। तकनीकी जांच के आधार पर दो आरोपियों पटेल नीरव कुमार व पटेल कृति कुमार को पहले ही गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। आगे की कार्रवाई में साइबर पुलिस टीम ने एएसआई बृजेश के नेतृत्व में तीसरे आरोपी पटेल मोहनीश पुत्र रमेश भाई पटेल वासी कमालपुर, वडनगर (गुजरात) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरोह के नेटवर्क से जुड़े अहम सुराग मिले हैं। पुलिस ने ठगी की पूरी रकम को रिकवर कर लिया है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है।

## Happy Anniversary



Mr Ashok Kumar
Mrs Aruna uppal

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Death Claim कैसे करें? (Bank, Insurance, PF, Shares)**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

किसी परिवार सदस्य के निधन के बाद भावनात्मक आघात के साथ-साथ एक व्यावहारिक प्रश्न सामने आता है—बैंक जमा, बीमा राशि, PF, शेयर या अन्य निवेश कैसे प्राप्त किए जाएँ? इसे सामान्य भाषा में Death Claim कहा जाता है। सही प्रक्रिया जानना आवश्यक है, ताकि अनावश्यक देरी और विवाद से बचा जा सके।

सबसे पहले देखें कि संबंधित खाते या पॉलिसी में Nominee दर्ज है या नहीं। यदि Nominee है, तो प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल होती है। सामान्यतः निम्न दस्तावेज आवश्यक होते हैं: Death Certificate, पहचान और पता प्रमाण, Claim Form (संस्था द्वारा निर्धारित), बैंक विवरण, संस्था दस्तावेजों की जाँच के बाद भुगतान Nominee को कर सकती है।

यदि Nominee दर्ज नहीं है या विवाद हो, तो बैंक या संस्था आमतौर पर अतिरिक्त कानूनी प्रमाण माँगती है। ऐसे मामलों में Succession Certificate या अन्य वैधानिक दस्तावेज आवश्यक हो सकते हैं। छोटी राशियों के मामलों में कुछ बैंक indemnity bond और affidavit के आधार पर भी भुगतान कर देते हैं, लेकिन बड़ी राशि के लिए अदालत का प्रमाणपत्र माँगा जाता है।

Insurance claim में यह भी महत्वपूर्ण है कि पॉलिसी की शर्तों का पालन किया गया हो। यदि मृत्यु "early claim" श्रेणी में आती है या दस्तावेज अधूरे हों, तो कंपनी जांच कर सकती है। अनुचित rejection की स्थिति में पहले insurer के grievance mechanism और आवश्यकता होने पर Consumer Commission का सहारा लिया जा सकता है।

PF, shares और mutual funds के लिए संबंधित संस्था या depository participant से संपर्क कर आवश्यक formalities पूरी करनी होती हैं।

निष्कर्षः Death Claim की प्रक्रिया तकनीकी अवश्य है, लेकिन स्पष्ट है। Nominee होने पर प्रक्रिया सरल होती है; Nominee न होने पर वैधानिक प्रमाण आवश्यक होते हैं। समय पर दस्तावेज और सही जानकारी ही दावे को सहज और विवाद-मुक्त बनाती है।

# यज्ञ में चुटकी भर सामग्री व घी अर्पित करने से जीवन में साहस और ऊर्जा का संचार: महंत प्रवीण चौधरी





Partap singh bajwa ji



Deepak Bali (Advisor to punjab heritage & cultural board) Mayor Ludhiana



Vikas Nath ji maharaj



Vipan sood kaka ji

लुधियाना। मां बगलामुखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी जी के सानिध्य में चल रहे 243 घंटे के अखंड महायज्ञ के नौवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सैकड़ों भक्तों ने यज्ञ कुंड में घी, नारियल और हवन सामग्री की आहुतियां डालकर श्री बगलामुखी चालीसा का सामूहिक पाठ किया। महंत प्रवीण चौधरी ने कहा कि श्रद्धा भाव से चुटकी भर सामग्री और घी अर्पित करने से भी मानव जीवन में साहस, पराक्रम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आराधना में सबसे महत्वपूर्ण भक्त के मन के सच्चे भाव हैं, सामग्री नहीं।

विशेष रूप से उपस्थित विकास नाथ जी महाराज ने धाम की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि लुधियाना की धरती पर मां बगलामुखी का विराजमान होना सौभाग्य की बात है। समाजसेवी विपन सूद काका, रमणीक गोयल, रघुबर गोयल, देवकी देवी जैन कॉलेज की छात्राएं, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि और सैकड़ों स्कूली बच्चों ने भी यज्ञ में भाग लिया। पंजाब विधानसभा में नेता प्रताप सिंह बाजवा ने महायज्ञ को देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बताया, वहीं मेयर इंद्रजीत कौर ने पंजाब में अमन-शांति और भाईचारे की प्रार्थना की। सायंकालीन भजन संध्या में भक्तिमय माहौल बना रहा।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### ऐसी घटनाएँ भक्तों के मन को आहत करती हैं।

बांके बिहारी मंदिर में हाल ही में प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि बिहारी जी को मंदिर प्रांगण में लाकर भक्तों को अधिक सुगम दर्शन कराए जाएँ। दर्शन सुलभ करने के लिए एक सप्ताह पूर्व मंदिर में रेलिंग भी लगा दी गई। इस फैसले का उद्देश्य यही था कि दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को बिना भीड़ और धक्का-मुक्की के शांतिपूर्वक दर्शन मिल सकें। 18 फरवरी की सुबह जब बिहारी जी ने चाँदी के सिंहासन पर बाहर आकर दर्शन दिए, तो भक्तों में अपार हर्ष और उत्साह दिखाई दिया। सभी को लगा कि अब दर्शन व्यवस्था पहले से बेहतर होगी और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। किन्तु शाम होते-होते स्थिति बदल गई। बताया जाता है कि एक गोस्वामी ने अपनी मनमानी करते हुए बिहारी जी को पुनः टूटे हुए पुराने लकड़ी के तख्त पर अंदर विराजमान कर दिया। यह घटना अनेक भक्तों के लिए निराशाजनक रही। लोगों के मन में प्रश्न उठता है कि भगवान किसी की निजी जागीर कैसे हो सकते हैं? मंदिर आस्था का केंद्र होता है, जहाँ पारदर्शिता, व्यवस्था और श्रद्धालुओं की भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। ऐसी घटनाएँ निश्चित रूप से भक्तों के मन को आहत करती हैं। आवश्यकता है कि मंदिर प्रबंधन और प्रशासन मिलकर ऐसा समाधान निकालें जिससे आस्था, परंपरा और व्यवस्था इन तीनों का संतुलन बना रहे तथा भक्तों को सम्मानपूर्वक दर्शन का अवसर मिलता रहे।

# शिवरात्रि पर हत्या कांडः 12 आरोपी गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

मोहाली, यूटर्न 19 फरवरी। शिवरात्रि के दिन फेज-11 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने दो नाबालिगों समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नामजद और अज्ञात मिलाकर कुल 18 आरोपियों की पहचान की गई है, जिनमें से शेष की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी सिटी दिलप्रीत सिंह के अनुसार, मृतक गुरसेवक सिंह ने मंदिर के समीप कुछ युवकों को मोटरसाइकिल रेस लगाने से रोका था। इसी दौरान कहासुनी बढ़ गई और एक युवक ने धारदार किरच निकालकर गुरसेवक पर हमला कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल गुरसेवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद फेज-11 थाने में भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 109, 118(1), 77, 190 और 191(3) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 12 आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक स्प्लेंडर और एक बुलेट मोटरसाइकिल के साथ वारदात में इस्तेमाल की गई किरच भी बरामद की गई है। गिरफ्तार दो नाबालिगों को होशियारपुर स्थित ऑब्जर्वेशन होम भेजा गया है। अन्य आरोपियों — सुंदर ठाकुर, तेजबीर, गौरव, राकेश कुमार, आदर्श उर्फ बिल्ला, सोमवीर, जतिंदर सिंह, मोहित, दिनेश और अभिमन उर्फ अभी — को अदालत में पेश कर 20 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन सोसायटी ने मार्केट व कमर्शियल एरिया कर्मियों के लिए एमओयू कराया, चार साल बाद मिला मेहनताना का रास्ता

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन सोसायटी के अध्यक्ष भाई धर्मवीर राणा की पहल पर मार्केट और कमर्शियल एरिया में कार्यरत कर्मचारियों के लिए एमओयू (समझौता ज्ञापन) की औपचारिक शुरूआत की गई। कार्यक्रम शहर के वरिष्ठ प्रशासनिक व निर्वाचित प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। समारोह में मेयर सौरभ जोशी, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जॉइंट कमिश्नर हिमांशु गुप्ता, सैनिटेशन कमेटी के चेयरमैन मनोज सोनकर और डिप्टी मेयर सुमन शर्मा उपस्थित रहे। सोसायटी के अनुसार, मार्केट और कमर्शियल एरिया में कार्य कर रहे कई कर्मचारी पिछले चार वर्षों से बिना नियमित मेहनताना के सेवाएं दे रहे थे। एमओयू के माध्यम से अब उनके भुगतान और कार्य व्यवस्था को औपचारिक रूप दिया जाएगा, जिससे लंबे समय से लंबित मांगों को राहत मिलने की उम्मीद है। अध्यक्ष धर्मवीर राणा ने इसे कर्मचारियों के सम्मान, अधिकार और भविष्य की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समिति सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कर्मचारियों से अपील की कि वे अब और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया और कहा कि सामूहिक प्रयासों से चंडीगढ़ को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जा सकता है। नगर निगम अधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि स्वच्छता सेवाओं को सुदृढ़ करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे।



V शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 लुधियाना यूटर्न टाइम

# निगम में मिस्टर इण्डिया की सुपरहिट जोड़ी: एक्शन कम, सस्पेंस ज्यादा, वेतन पूरा !



लुधियाना, यूटर्न, 19 फरवरी। निगम निगम जहां भ्ष्टाचार के लिए आए दिन खुर्खियों में रहता है वही आज कल विभाग की चर्चा यहां के दो अधिकारी जिनकी कार्यशैली से है चर्चा है की निगम के दो सुपरिटेंडेंट आज कल बॉलीवुड की सुपरहिट मूवी मिस्टर इण्डिया के किरदार मिस्टर इण्डिया से प्रेरित प्रतीत हो रही है। चर्चा है की सात माह पूर्व पटियाला से 2 इंस्पेक्टरों मनीष पूरी और मुकेश दीक्षित को प्रमोट कर लुधियाना निगम में सुपरिटेंडेंट नियुक्त किया गया।

जिनकी कार्यशैली हूबहू मिस्टर इण्डिया फिल्म के हीरों की भांति है जिसका आने जाने से लेकर काम करने तक की किसी को कोई खबर ही नहीं है। लेकिन पिछले ७ माह से काम चल रहा है सैलरी भी नियमित डिस्बर्स हो रही है। काम की निपुणता इस कदर है की किसी को यह भी नहीं पता की वे कब ऑफिस आते एवं जाते है। कौन सा काम कर रहे है। चचाएँ इस कदर हावी है की कई साथी अधिकारी तो ऐसी विशेषताओं के मद्देनजर इन्हे जेम्स बांड 007 भी कह कर तंज कस देते है। चर्चाएं है की इनके काम को इतना गोपनीय रखा गया है की किसी को इनके आने जाने , कौन से काम सौंपे गए इसकी कोई जानकारी ही नहीं है और ना ही कोई इसके बारे में पूछ सकता है। अब ऐसे में सहयोगी एवं विभागीय अधिकारी इन्हे मिस्टर इण्डिया एवं जेम्स बांड ००७ कहते है तो क्या गलत है । यही नहीं इनकी मोबाईल लोकेशन भी ट्रक कर इनके आने जाने के समय और ऑफिस बैठने की आपसी शर्त के नाम पर सहयोगी कई शर्ते हार चुके है , लोगों में इनकी मोबाईल लोकेश भी अपने आप में इनके कार्य समय की दास्ताँन बयान कर रहे है।

उधर विभाग के अधिकारीयों में कई बार इस बात की शर्ते एवं इनाम रखे गए है की जो अधिकारी एवं कर्मचारी इनके आने जानने के वक्त एवं तस्वीर एवं वेतन के लिए लगाई जाने वाली अटेंडेंस सहित पर इन्हे हस्ताक्षर करता दिखाए गा उसे इनाम दिए जाएंगे।

# CICU बीएनजी समीक्षा बैठक में मजबूत नेटवर्किंग और ज्ञान साझाकरण पर जोर



लुधियाना, यूटर्न, 19 फरवरी। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) के बिजनेस नेटवर्किंग ग्रुप (BNG) की हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक में सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। बैठक ने यह साबित किया कि BNG उद्योग जगत के लिए एक प्रभावी और परिणामोन्मुखी नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में तेजी से उभर रहा है।

बैठक की शुरूआत बीएनजी मैनेजर सुश्री रचना जैन द्वारा विस्तृत प्रस्तुति से हुई। उन्होंने हाल की गतिविधियों, प्रमुख उपलब्धियों और आगामी पहलों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इतऋ निरंतर सार्थक नेटवर्किंग अवसर प्रदान कर रहा है, जिससे सदस्यों के बीच सहयोग बढ़ रहा है और नए व्यावसायिक अवसर व साझेदारियां विकसित हो रही हैं। बैठक का प्रमुख आकर्षण 'सप्लाई चेन मैनेजमेंट विद CRM” विषय पर ज्ञानवर्धक सत्र रहा, जिसे मम्मी सॉफ्टवेयर कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक एवं सक्रिय BNG सदस्य श्री मनजीत सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने सप्लाई चेन प्रक्रियाओं में कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (CRM) के एकीकरण के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि इससे परिचालन दक्षता, ग्राहक संतुष्टि और व्यवसाय की विस्तार क्षमता में वृद्धि होती है। सत्र के दौरान सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने अनुभव साझा किए। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई और BNG ने उद्योगों के बीच समन्वय व व्यापार विस्तार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए फूड वैन परियोजना शुरू



दिनेश मौदगिल

लुधियाना 18 फरवरी। रेलवे स्टेशन लुधियाना के सिविल लाइंस परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए फूड वैन परियोजना शुरू की गई है। इस फूड वैन उद्घाटन समाज सेवक संचित मल्होत्रा और नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के प्रधान गौरव शर्मा ने किया। इस अवसर पर संचित मल्होत्रा और गौरव शर्मा ने कहा कि सिविल लाइंस की तरफ आने जाने वाले यात्रियों के लिए पहले खाने पीने का कोई इंतजाम नहीं था। इस योजना का लाभ उन यात्रियों को मिलेगा। रेलवे द्वारा इस फूड योजना का ठेका चौधरी एजेंसीज को दिया गया है। मालिक केदार चौधरी ने बताया कि इस फूड वैन में रेलवे यात्रियों को वेज के साथ साथ नॉन वेज भी खाने के लिए उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में लुधियाना के सिविल लाइंस क्षेत्र में इस फूड वैन की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि फूड वैन में चाय, समोसा, फास्ट फूड के अलावा नॉन वेज भी उपलब्ध होगा। रेलवे यात्रियों के साथ साथ आम शहरी भी इसका लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर रेलवे अधिकारी हरप्रीत सिंह, टी .आई शर्मा के अलावा अन्य भी उपस्थित थे।

## हेरोइन के नशे में व्यक्ति गिरफ्तार, मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार थाना सिद्धवां बेट के अधीन आने वाली पुलिस चौकी भूंदड़ी के हेड कांस्टेबल वरिंदर कुमार अपनी टीम के साथ गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के सिलसिले में नहर ग्रिड पुल गांव भरोवाल कलां के पास मौजूद थे।

इसी दौरान एक खास मुखबिर ने एचसी वरिंदर कुमार को सूचना दी कि मनजीत सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव सव्वदी कलां, जो हेरोइन के नशे का आदी है, इस समय दाना मंडी गांव सव्वदी कलां में बने बाथरूम के पास नशे की हालत में बैठा हुआ है। सूचना में कहा गया कि यदि तुरंत रेड की जाए तो उसे मौके पर ही काबू किया जा सकता है।

पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी और मनजीत सिंह को काबू कर लिया। पुलिस क्राइम रिपोर्ट के अनुसार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की जांच जारी है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत खन्ना में बड़ा कदम: 195 महिलाओं का चयन, 50 को मौके पर जॉब लेटर



खन्ना/लुधियाना, 19 फरवरी। पंजाब सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत खन्ना में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल की गई। रामगढ़िया भवन, खन्ना में जिला प्रशासन लुधियाना द्वारा विशाल रोजगार एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंध ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं और आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत करना था। 25 से अधिक निजी एवं अर्ध-सरकारी कंपनियों ने भाग लिया। 697 छात्राओं व महिलाओं ने इंटरव्यू दिए, जिनमें से 195 का चयन किया गया और 50 को मौके पर ही जॉब लेटर प्रदान किए गए। स्वास्थ्य शिविर में 341 महिलाओं का निःशुल्क मेडिकल चेकअप किया गया और आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। सखी वन स्टॉप सेंटर ने भी महिलाओं को कानूनी अधिकारों और सुरक्षा सेवाओं की जानकारी दी। मंत्री सौंध ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए प्रतिबद्ध है। यह शिविर महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस और परिणामोन्मुखी प्रयास का प्रमाण है।

Uturn Time 20 Feb 2026_Layout 2 19-02-2026 23:13 Page 8



# पीजीआई को बड़ी मंजूरी: 82 नए पद स्वीकृत, न्यूरोसाइंसेज सेंटर में लगेगा 256-स्लाइस सीटी स्कैनर

अजीत झा




चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। उत्तर भारत के प्रमुख चिकित्सा संस्थान पीजीआई को स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण स्वीकृतियां मिली हैं। दिल्ली में हुई स्टैंडिंग फाइनेंस कमेटी (एसएफसी) की बैठक में संस्थान के लिए 82 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई, साथ ही न्यूरोसाइंसेज सेंटर के लिए अत्याधुनिक 256-स्लाइस सीटी स्कैनर खरीदने की अनुमति भी प्रदान की गई।

स्वीकृत पदों में फैकल्टी, नॉन-फैकल्टी और सीनियर रेजिडेंट शामिल हैं। इन पदों के भरने से अस्पताल में लंबे समय से महसूस की जा रही मानव संसाधन की कमी को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। प्रशासन का मानना है कि इससे मरीजों को समय पर परामर्श और उपचार मिलेगा, जबकि डॉक्टरों और स्टाफ पर कार्यभार भी कम होगा।

पीजीआई के निदेशक डॉ. विवेक लाल ने कहा कि नई भर्तियां और उन्नत तकनीक संस्थान की उपचार क्षमता को और मजबूत करेंगी। विशेष रूप से न्यूरोसाइंसेज सेंटर में लगने वाला 256-स्लाइस सीटी स्कैनर स्ट्रोक, सिर की गंभीर चोट, न्यूरोसर्जरी और अन्य जटिल मस्तिष्क रोगों की त्वरित व सटीक जांच में अहम भूमिका निभाएगा। आपातकालीन मामलों में यह मशीन जीवनरक्षक साबित हो सकती है, जहां हर मिनट कीमती होता है।

बैठक में प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारियों ने भी भाग लिया। बढ़ते मरीज भार, विशेषकर पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों से आने वाले रोगियों को देखते हुए संसाधन विस्तार को समय की जरूरत बताया गया।

संस्थान का मानना है कि नए पदों की नियुक्ति से शिक्षा और शोध गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। फैकल्टी की संख्या बढ़ने से मेडिकल छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों को बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे इलाज की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

# सेक्टर-39/39 वेस्ट की डिवाइडिंग रोड दो दिन रहेगी बंद, ट्रैफिक रहेगा डायवर्ट




चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। शहरवासियों के लिए अहम सूचना है कि सेक्टर-39 और 39 (वेस्ट) को जोड़ने वाली डिवाइडिंग रोड आगामी दो दिनों के लिए पूरी तरह बंद रहेगी। मंडी चौक के पास टर्शरी ट्रीटेड (टीटी) वाटर पाइपलाइन बिछाने के कार्य के चलते यह फैसला लिया गया है। प्रशासन के अनुसार 21 फरवरी सुबह 10 बजे से 22 फरवरी रात 10 बजे तक इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान संबंधित हिस्से में ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि टीटी वाटर पाइपलाइन परियोजना शहर में रीसायकल जल के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पेयजल पर निर्भरता कम होगी और हरित क्षेत्रों को पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। हालांकि, निर्माण कार्य के चलते अस्थायी असुविधा से इनकार नहीं किया जा सकता। चंडीगढ़ पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले अपने रूट की योजना बनाएं, निर्धारित डायवर्जन का पालन करें और मौके पर तैनात ट्रैफिक कर्मियों के निर्देशों का पालन करें।

# मुख्य बाजार व रिहायशी क्षेत्रों में पंचकूला पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन डॉग स्क्वॉड के साथ सघन तलाशी, आमजन से संवाद व सुरक्षा का भरोसा








पंचकूला, यूटर्न, 19 फरवरी। जिले में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस द्वारा मुख्य बाजारों व घनी आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस टीम ने डॉग स्क्वॉड के साथ संदिग्ध स्थानों की सघन जांच करते हुए नशे व आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। पीएसआई रवि प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सेक्टर-10 मार्केट, राजीव कॉलोनी, इंद्रा कॉलोनी तथा सेक्टर-17 क्षेत्र में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व स्थानों की जांच की गई तथा स्थानीय लोगों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया गया। पुलिस ने दुकानदारों व निवासियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया।

ऑपरेशन में डॉग स्क्वॉड की टीम को शामिल किया गया, जिसके माध्यम से संभावित छिपे स्थानों, खाली प्लॉट्स व संवेदनशील इलाकों की बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे व अपराध के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार ऐसे अभियान जारी रहेंगे। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पैदल गश्त और कॉम्बिंग ऑपरेशन का उद्देश्य अपराध की रोकथाम के साथ-साथ पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को निर्देश दिए गए हैं कि गश्त के दौरान आमजन से संवाद बनाए रखें और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखें। पंचकूला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि चेकिंग व कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि शहर को सुरक्षित और अपराध मुक्त बनाया जा सके।

# ट्राईसिटी को ट्रैफिक जाम से राहत की राह, 6-लेन ग्रीनफील्ड स्पर प्रोजेक्ट को मिली केंद्र की मंजूरी



चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के लाखों लोगों के लिए यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार आने जा रहा है। केंद्र सरकार ने 1,463.95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 6-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड स्पर प्रोजेक्ट को स्वीकृति दे दी है। यह परियोजना ट्राईसिटी रिंग रोड नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी और क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी। प्रस्तावित स्पर नेशनल हाईवे 205अ के अंबाला-चंडीगढ़ खंड को जीरकपुर बाईपास से जोड़ेगा। इसके निर्माण के बाद बाहरी राज्यों से आने-जाने वाला थ्रू-ट्रैफिक शहरों के अंदर प्रवेश किए बिना सीधे नए कॉरिडोर से गुजर सकेगा।

अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना से नेशनल हाईवे 44, नेशनल हाईवे 205अ और नेशनल हाईवे 152 पर भारी वाहनों का दबाव कम होगा। मौजूदा समय में इन मार्गों पर ट्रैफिक का अत्यधिक बोझ है, जिससे पीक ऑवर्स में लंबा जाम लग जाता है। नए स्पर के चालू होने से ट्राईसिटी के प्रमुख जंक्शनों पर यातायात सुचारु होने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड सड़क होने के कारण इस पर सीमित एंट्री और एग्जिट प्वाइंट होंगे, जिससे वाहन बिना रुकावट तेज गति से गुजर सकेंगे। इससे ईंधन की बचत, समय की बचत और प्रदूषण में कमी भी संभव होगी। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि परियोजना पूरी होने के बाद ट्राईसिटी की कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स ढांचा मजबूत होगा, जिससे औद्योगिक और रियल एस्टेट विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। रोजाना काम पर आने-जाने वाले हजारों लोगों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

# 20 से 23 फरवरी तक लुधियाना में होगा मैक ऑटो एक्सपो 2026 का 15वां संस्करण



लुधियाना, 18 फरवरी। मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र की अग्रणी औद्योगिक प्रदर्शनी 'मैक ऑटो एक्सपो 2026' का 15वां एडिशन 20 से 23 फरवरी तक लुधियाना प्रदर्शनी केंद्र, साहनेवाल में आयोजित किया जाएगा। पार्क प्लाजा होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजकों ने बताया कि इस बार प्रदर्शनी पहले से अधिक भव्य होगी, जिसमें 13 से अधिक देशों के 650 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल होंगे, जबकि 50 हजार से अधिक विज़िटर्स के पहुंचने की उम्मीद है। उड़ान मीडिया एंड कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित इस एक्सपो में सीएनसी, वीएमसी, एचएमसी मशीनें, इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स, फैक्ट्री ऑटोमेशन, इंडस्ट्री 4.0, एआई-आधारित सिस्टम्स और प्रिसीजन इंजीनियरिंग उपकरणों का प्रदर्शन होगा। लाइव डेमो और नए उत्पाद लॉन्च भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। सीआईसीयू के अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा ने कहा कि आधुनिक तकनीक अपनाकर उद्योग उत्पादन लागत घटा सकते हैं। उन्होंने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित कारोबार का अनुमान जताया। एएलएमटीआई अध्यक्ष तरलोचन सिंह ने इसे उत्तर भारत की प्रमुख औद्योगिक प्रदर्शनी बताया। एमडी जी.एस. ढिल्लों ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को नई दिशा देगा।

# रोशनी मेले के दौरान अवैध कब्जों पर बड़ा खुलासा

## सरकारी सड़क पर दुकानें लगवाने के बदले कथित तौर पर वसूले जा रहे हजारों रुपये





-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/फरवरी। शहर को ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्या से निजात दिलाने के मकसद से नगर परिषद की तहबाजारी टीम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाया गया संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान आज दूसरे दिन भी जारी रहा। बाजारों से अवैध कब्जे हटाने की इस कार्रवाई के दौरान उस समय एक बड़ा और चौंकाने वाला मामला सामने आया, जब शहर के ट्रैफिक जाम के असली कारणों की परतें खुलनी शुरू हो गई।

### दुकानदारों द्वारा मोटी रकम वसूले जाने के कथित दावे

जानकारी के अनुसार, जब विभागीय टीमें स्थानीय पुरानी सब्जी मंडी में 'रोशनी के मेले' के मद्देनजर लगी अस्थायी दुकानों का अवैध कब्जा हटाने पहुंचीं, तो वहां दुकानें सजाए बैठे प्रवासी दुकानदारों ने हैरान करने वाले दावे किए। मौके पर मौजूद प्रवासी दुकानदारों ने अधिकारियों को कथित तौर पर बताया कि उन्होंने ये दुकानें मुफ्त में नहीं लगाई हैं, बल्कि इस जगह के पीछे स्थित दुकानों और घरों के मालिकों को 30-30 हजार रुपये तक की भारी भरकम रकम बतौर 'किराया' या 'भेंट' दी है। इस मौके पर कई अन्य अस्थायी दुकानदारों ने भी इन दावों की पुष्टि करते हुए कथित तौर पर खुलासा किया कि यह सिलसिला सिर्फ इस साल का नहीं है, बल्कि हर साल मेले के दौरान वे जिस भी इमारत या घर के आगे अपनी दुकान लगाते हैं, उसके मालिकों को हजारों रुपये दिए जाते हैं। इतनी मोटी रकम चुकाने के बाद ही उन्हें वहां अपना कारोबार करने दिया जाता है।

### नगर परिषद के राजस्व को चूना, आम जनता को परेशानी

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिस जगह पर ये अस्थायी दुकानें लगाई जाती हैं, वह सरकारी जगह नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में आती है, जिसकी सरकारी पर्ची महज कुछ रुपये की होती है। लेकिन कुछ लोग अपने निजी और कथित गैर-कानूनी मुनाफे के लिए सरकारी जमीनों का सौदा कर रहे हैं, जिसके कारण शहर की आम जनता, राहगीरों और श्रद्धालुओं को भारी ट्रैफिक जाम में घंटों जूझने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### ईओ मोहित शर्मा का स्पष्टीकरण और कड़ी चेतावनी



इस गंभीर मामले को लेकर जब नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) मोहित शर्मा से बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा कि अस्थायी दुकानें लगाने वालों से हजारों रुपये की वसूली होने का मामला आज ही उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर परिषद द्वारा अवैध कब्जे हटाने का यह अभियान शहरवासियों की सुविधा के लिए चलाया जा रहा है और यह कार्रवाई बिना किसी भेदभाव के, पूरी तरह से कानूनी मर्यादा के दायरे में रहकर की जाएगी। शर्मा ने सख्त लहजे में कहा कि यदि बार-बार समझाने के बावजूद भी दुकानदार अवैध कब्जे करने से बाज नहीं आते हैं, तो नगर परिषद को मजबूरन सख्ती बरतनी पड़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने शहर के सभी दुकानदारों से अपील की कि वे अपना सामान दुकानों की सीमा के अंदर ही रखें ताकि ट्रैफिक व्यवस्था में कोई बाधा न पड़े और शहरवासियों को आवाजाही में आसानी हो।

# तीन साल बाद मिली राहत, वसंत विहार-2 में नई सीवरेज लाइन बिछी







जीरकपुर, यूटर्न, 19 फरवरी। वसंत विहार-2 की फ्लैटों वाली गली में करीब 100 मीटर लंबी 12 इंच की सीवरेज पाइपलाइन बिछा दी गई है। पिछले तीन वर्षों से यहां के निवासी सीवरेज जाम और गंदे पानी की निकासी की समस्या से परेशान थे। नई पाइपलाइन डालने के बाद क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सीवरेज लाइन बिछाने के साथ ही इंटरलॉक टाइल लगाने का टेंडर भी पास हो चुका है। संबंधित विभाग द्वारा मिट्टी दबाने का कार्य पूरा होने के बाद गली में इंटरलॉक टाइलें बिछाई जाएंगी, जिससे सड़क पहले से बेहतर और मजबूत बनेगी। वसंत विहार-2 के निवासियों ने इस कार्य के लिए प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों और वार्ड 13 की पार्षद गुरप्रीत कौर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान से पूरे क्षेत्र में संतोष का माहौल है।

वहीं एमसी पति सुखबीर सिंह लवली ने बताया कि बीते दो वर्षों तक कमेटी का मामला अदालत में लंबित रहने के कारण वार्ड में विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित रही। अदालत द्वारा डीसी को चार्ज दिए जाने के बाद भी सरकार की ओर से कोई नया कार्य शुरू नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों के दोबारा जिम्मेदारी संभालने के बाद विकास कार्य फिर से शुरू हुए हैं और अब धीरे-धीरे गति पकड़ रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नई सीवरेज लाइन बिछने से वसंत विहार-2 में सीवर से जुड़ी प्रमुख समस्याएं समाप्त हो गई हैं और आने वाले दिनों में इंटरलॉक टाइल लगने से क्षेत्र की सूरत भी बदल जाएगी।

# बंदिया मुहल्ला में एक घर में लगी आग, एक की मौत, मौके पर पहुंचे विधायक पराशर



दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 19 फरवरी। दरेसी एरिया के नजदीक पड़ते बंदिया मुहल्ला में वीरवार सुबह एक घर में आग लग गई। इस भीषण आगजनी में घर में मौजूद 68 वर्षीय बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना वीरवार सुबह पौने दस बजे की है। किसी पड़ोसी ने घर की पहली मंजिल की खिड़कियों से धुआं निकलता देखा और शोर मचाया। लेकिन देखते ही देखते धुआं आग की लपटों में तब्दील हो गया। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। उसके बाद उन्होंने पहली मंजिल पर चरणजीत शर्मा का जला शव देखा। इसके बाद पुलिस ने शव को बाहर निकालकर सिविल अस्पताल के शवगृह में पहुंचाया। थाना डिवीजन नंबर 4 के इंचार्ज गुरजीत सिंह का कहना है कि अभी आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। आग किस तरह लगी ?इसकी जांच जारी है।

### मेरे हल्के के लोग मेरा परिवार हैं: पराशर

आग लगने की खबर सुनते ही विधानसभा हल्का सेंट्रल के विधायक अशोक पराशर पप्पी मौके पर पहुंचे। इस घटना के मौके विधायक अशोक पराशर पप्पी ने कहा कि इस घटना का उन्हें काफी दुख है । उन्होंने कहा कि मेरे हल्के के लोग मेरा परिवार है और इस परिवार के साथ मैं खड़ा हूं और जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहयोग दूंगा।

# सुभाष गेट के पास विवाद, एक व्यक्ति घायल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19फरवरी। स्थानीय शहर के सुभाष गेट के समीप स्थित एक साइकिल दुकान पर शाम लगभग 7 बजे उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब एक व्यक्ति अपनी पुत्री के साथ कथित छेड़छाड़ के संबंध में बातचीत करने वहां पहुंचा। बातचीत के दौरान विवाद बढ़कर हाथापाई में बदल गया, जिसमें उक्त व्यक्ति के सिर पर चोट लगने की सूचना है।





घायल व्यक्ति सोनू को उपचार हेतु सिविल अस्पताल जगरांव पहुंचाया गया। अस्पताल में उपचाराधीन पीड़ित ने बताया कि वह अपनी पुत्री के साथ कथित दुर्व्यवहार के संबंध में समझाने के उद्देश्य से दुकान पर गया था। उसके अनुसार, बातचीत के दौरान कुछ अन्य युवक वहां आ गए और विवाद बढ़ गया।

पीड़ित का आरोप है कि हाथापाई के दौरान उसके सिर पर चोट पहुंचाई गई तथा घटनास्थल पर 5-7 व्यक्ति मौजूद थे। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके साथ गई एक महिला के साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया। घटना के बाद परिजन उसे घायल अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचे।

# पंजाब चुनावों पर नजर: हरियाणा से राज्यसभा में दलित या सिख चेहरे पर दांव लगा सकती है BJP

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। वर्ष 2027 में प्रस्तावित पंजाब विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी (इखढ) ने अपनी राजनीतिक रणनीति पर काम तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पार्टी हरियाणा से होने वाले आगामी राज्यसभा चुनावों में दलित या सिख उम्मीदवार उतारने के विकल्प पर गंभीर विचार कर रही है।



16 मार्च को होने वाली वोटिंग से पहले पार्टी नेतृत्व जातीय, सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों का बारीकी से आकलन कर रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम पंजाब में पार्टी की पकड़ मजबूत करने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा हो सकता है। पंजाब में दलित समुदाय की आबादी 30 प्रतिशत से अधिक है, जो चुनावी परिणामों में निर्णायक भूमिका निभाती है, जबकि सिख राज्य का बहुसंख्यक समुदाय है। शिरोमणि अकाली दल से अलग होने के बाद BJP अपने दम पर सामाजिक आधार तैयार करने में जुटी है। ऐसे में हरियाणा से दलित या सिख चेहरा राज्यसभा भेजना एक सशक्त राजनीतिक संदेश माना जा रहा है।

हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में इखढ के पास 48 विधायक हैं और उसे निर्दलीय सदस्यों का भी समर्थन प्राप्त है, जिससे वह कम से कम एक सीट सहजता से जीतने की स्थिति में है। 9 अप्रैल को किरण चौधरी और राम चंदर जांगड़ा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। सुनीता दुग्गल, बनवारी लाल सहित कई नामों पर चर्चा जारी है। जानकारों का कहना है कि यह फैसला हरियाणा की राजनीति से आगे बढ़कर पंजाब में इखढ की सामाजिक पहुंच और चुनावी दिशा को भी प्रभावित करेगा।

# युद्ध नशियां विरुद्ध: जालंधर में अति-आधुनिक एएनटीएफ रेंज दफ्तर का उद्घाटन, डीजीपी ने लिया नशा खत्म करने का संकल्प

चंडीगढ़/जालंधर, यूटर्न, 19 फरवरी — पंजाब में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम 'युद्ध नशियां विरुद्ध' को और मजबूती देते हुए डीजीपी गौरव यादव ने जालंधर पुलिस लाइंस में एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की नई अति-आधुनिक रेंज इमारत का उद्घाटन किया। लगभग 9000 वर्ग फुट में बनी यह सुविधा 1.60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य बड़े तस्करों और अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क पर प्रभावी प्रहार करना है।

नई इमारत मोबाइल व कंप्यूटर फोरेंसिक टूल, उन्नत डेटा विश्लेषण प्रणाली, फोरेंसिक डेटा एक्सट्रैक्शन, डीक्रिप्शन क्षमता और क्रिप्टोकरेंसी ट्रैकिंग उपकरणों से लैस है। इन प्रणालियों के संचालन के लिए प्रशिक्षित तकनीकी स्टाफ भी तैनात किया गया है।




एएनटीएफ को पीएआईएस 2.0 सिस्टम से भी जोड़ा गया है, जिसमें 70 हजार से अधिक अपराधियों का डेटा मौजूद है। डीजीपी ने बताया कि 1 मार्च 2025 से अब तक 35,133 एफआईआर दर्ज कर 50,238 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 2229 किलो हेरोइन, 667 किलो अफीम सहित भारी मात्रा में नशीले पदार्थ और 16.68 करोड़ रुपये की ड्रग मनी जब्त की है। अभियान राज्य से नशे के पूर्ण खात्मे तक जारी रहेगा।

# श्री गुरु रविदास बाणी अध्ययन केंद्र के लिए 10.50 एकड़ भूमि का कब्जा, 55 लाख से बिजली लाइनें होंगी शिफ्ट: हरपाल सिंह चीमा

चंडीगढ़/जालंधर, 19 फरवरी। पंजाब सरकार ने करतारपुर रोड स्थित गांव नौगज्जा और फरीदपुर में 10.50 एकड़ भूमि का कब्जा लेकर 'श्री गुरु रविदास बाणी अध्ययन केंद्र' की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह पहल गुरु रविदास जी की आध्यात्मिक विरासत के सम्मान और उनके संदेश के वैश्विक प्रसार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाती है।



भूमि कब्जा प्रक्रिया मंत्री हरपाल सिंह चीमा, विधायक बलकार सिंह, पंजाब कृषि विकास बैंक के चेयरमैन पवन टीनू, डिप्टी कमिश्नर डॉ. हिमांशु अग्रवाल और डेरा सच्चखंड बल्लां के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी की गई। मंत्री चीमा ने बताया कि सरकार ने निर्माण कार्य में बाधा बन रही हाई-टेंशन बिजली लाइनों को शिफ्ट करने के लिए 55 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं, ताकि प्रोजेक्ट समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ सके। भूमि की रजिस्ट्री पहले ही हो चुकी है और अब डिजाइन व लेआउट विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया जा रहा है। जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह केंद्र गुरु रविदास जी की शिक्षाओं के अध्ययन, अनुसंधान और विश्व स्तर पर प्रचार-प्रसार का प्रमुख संस्थान बनेगा। साथ ही, गुरु जी के 650वें प्रकाश पर्व को पूरे पंजाब में बड़े स्तर पर मनाया जाएगा।

# DLSA पंचकूला ने बाल मजदूरी से 7 बच्चों को बचाया, अभियान तेज



पंचकूला, यूटर्न, 19 फरवरी। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (DLSA) पंचकूला ने बाल मजदूरी और भीख मांगने के खिलाफ चलाए जा रहे 'पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन कैंपेन - बाल मजदूरी को खत्म करने की दिशा में एक कदम (जनवरी-मार्च 2026)' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बरवाला क्षेत्र से सात बच्चों को मुक्त कराया है। यह जानकारी श्री अजय कुमार घनघस, चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-कम-सेक्रेटरी, ऊछरअ पंचकूला ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट, लेबर डिपार्टमेंट, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, फूड एंड सिविल सप्लाई विभाग, बचपन बचाओ आंदोलन और डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स के सहयोग से चलाया जा रहा है। टीम को बाजारों, दुकानों, फैक्ट्रियों, ढाबों और निर्माण स्थलों पर निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। बचाए गए बच्चों की मेडिकल जांच कर उन्हें चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें बाल निकेतन, सेक्टर-2 में भेजने के आदेश दिए गए। संबंधित दुकानदारों के खिलाफ चाइल्ड लेबर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। घनघस ने कहा कि बाल मजदूरी गंभीर अपराध है और अभियान के तहत आगे भी छापेमारी जारी रहेगी। इससे पहले भी 11 बच्चों को रेस्क्यू कर उनका पुनर्वास सुनिश्चित किया जा चुका है।

# 200 अरब डॉलर सपोर्ट के साथ भारत बना रहा है मजबूत एआई इकोसिस्टम, एआई और सेमीकंडक्टर मोमेंटम साथ-साथ: अशोक चांडक

लुधियाना, यूटर्न, 19 फरवरी। आईईएसए (इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन) के प्रेसिडेंट व सीईओ अशोक चांडक ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट



2026 भारत को वैश्विक एआई परिवर्तन के केंद्र में स्थापित करने वाला ऐतिहासिक क्षण है। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों, 60 मंत्रियों और 500 वैश्विक एआई नेताओं की भागीदारी के साथ यह समिट विशेषकर ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है।

उन्होंने बताया कि भारत ने एआई गवर्नेंस गाइडलाइंस जारी कर, एआई फेलोशिप को 13,500 स्कॉलर्स तक विस्तारित कर और एआई सेफ्टी इंस्टीट्यूट को मजबूत कर नीति, प्रतिभा और मानकों को एकीकृत दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया है। देश में 38,000 जीपीयू पहले से संचालित हैं और जल्द ही 50,000 से अधिक जीपीयू स्थापित होंगे। 200 अरब डॉलर से अधिक के निवेश समर्थन के साथ भारत तेजी से सशक्त एआई इकोसिस्टम बना रहा है।

चांडक ने कहा कि एआई नेतृत्व उन्नत चिप्स, पैकेजिंग और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग पर निर्भर है। भारत का बढ़ता सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण आधार उसे केवल एआई उपभोक्ता नहीं, बल्कि डिजाइन-चालित इनोवेशन हब बना रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, ह्लएआई मोमेंटम को सेमीकंडक्टर मोमेंटम से अलग नहीं किया जा सकता; भारत भरोसे और स्केल पर आधारित पूर्ण इनोवेशन स्टैक विकसित कर रहा है।

Uturn Time 20 Feb 2026_Layout 2 19-02-2026 23:13 Page 11



# डेराबस्सी में रामलीला मैदान के पास चाकूबाजी, सीसीटीवी में कैद हुई डेढ़ मिनट की खूनी झड़प






डेराबस्सी, यूटर्न, 19 फरवरी। डेराबस्सी के रामलीला मैदान की भीड़भाड़ के बीच जैन स्कूल के गेट के सामने युवकों के बीच हुई खूनी झड़प से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मारपीट और चाकूबाजी की यह पूरी घटना करीब डेढ़ मिनट की सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। घटना में दो युवक घायल हुए हैं, जिनमें से एक को सिविल अस्पताल डेराबस्सी में भर्ती कराया गया है, जबकि दूसरा घायल युवक मौके से फरार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे पुरानी रंजिश के चलते दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। सीसीटीवी फुटेज



में साफ दिखाई दे रहा है कि युवकों के बीच लात-घूंसे, चाकू, ईंट-पत्थरों का जमकर इस्तेमाल किया गया। कुछ लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश भी की, लेकिन युवकों के उग्र तेवरों के चलते उन्हें पीछे हटना पड़ा।

फुटेज में तीन युवक बाइक पर सवार दिखाई दे रहे हैं। इनमें से एक युवक की दूसरे पक्ष से भिड़ंत हो जाती है, जबकि उसके दो साथी मौके से खिसक जाते हैं। दूसरी ओर कुछ युवक पैदल जाते हुए भी नजर आते हैं। घटनास्थल की गली में खून के धब्बे बिखरे हुए देखे गए, जिससे झड़प की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित मोर ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की खूनी वारदात कर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आधा दर्जन अज्ञात युवकों के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर फसाद फैलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों की भी पड़ताल की जा रही है।

# पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को 20 वर्ष की सजा

अमृतसर, 19 फरवरी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष रूप से पॉक्सो मामलों के लिए फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट) अमृतसर की अदालत ने सौरव शर्मा पुत्र अशोक शर्मा, निवासी गली नंबर 11, गुरु नानक पुरा, कोट खालसा, इस्लामाबाद, अमृतसर को एफआईआर नंबर 29/2024, थाना इस्लामाबाद, अमृतसर के तहत धारा 376 आईपीसी और धारा 6 पॉक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास और 40,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत के निर्णय के अनुसार, 18 जनवरी 2024 को पीड़िता घर में अकेली थी। आरोपी पड़ोस में रहता था और भाई-बहन जैसे संबंध होने के कारण घर आता-



जाता रहता था। घटना से कुछ माह पूर्व आरोपी घर आया और प्रसाद दिया। प्रसाद खाने के बाद पीड़िता बेहोश हो गई। होश में आने पर उसने स्वयं को और आरोपी को बिना कपड़ों के पाया। आरोप है कि आरोपी ने अश्लील तस्वीरें खींचकर वायरल करने की धमकी दी और बिना सहमति कई बार दुष्कर्म किया। अदालत ने अपने फैसले के माध्यम से स्पष्ट संदेश दिया कि बच्चों के विरुद्ध अपराध गंभीर हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एनसीएलटी व न्यायालय आदेशों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें: एफसीआर डॉ. सुमिता मिश्रा

## निदेर्शों की अवहेलना पर होगी सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 फरवरी। हरियाणा की वित्तायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी मंडलायुक्तों और उपायुक्तों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) और न्यायालयों के आदेशों का नियमानुसार अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्य राजस्व अधिकारी, सब-रजिस्ट्रार और संयुक्त सब-रजिस्ट्रार 13 नवंबर 2013 के पूर्व जारी निदेर्शों तथा 22 नवंबर 2017 की अधिसूचना का कड़ाई से पालन करें। एनसीएलटी के आदेशों से संबंधित मामलों में भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1-ए के अनुच्छेद 23-ए के तहत 1.5 प्रतिशत की दर से स्टांप ड्यूटी देय है, जिसकी अधिकतम सीमा 7.5 करोड़ रुपये निर्धारित है। नॉन-बोनाफाइड न्यायालय आदेश भी इसी प्रावधान के अंतर्गत आते हैं।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि स्टांप ड्यूटी का सही आकलन और रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर राज्य के राजस्व में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने यह भी पाया कि अचल संपत्ति हस्तांतरण से जुड़े मामलों में न्यायालय के स्टे आदेश जमाबंदी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए जा रहे हैं, जो न्यायालय की अवमानना के समान है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक न्यायालय आदेश तत्काल राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# दो युवक नशा करते गिरफ्तार, मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/फरवरी। पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार थाना सदर जगरांव के अधीन आने वाली गांव काउंके कलां पुलिस चौकी के एएसआई धर्मिंदर सिंह साथी कर्मचारियों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के सिलसिले में गांव काउंके कलां से गुरुसर काउंके की ओर जा रहे थे।

रिपोर्ट के मुताबिक जब पुलिस पार्टी सूआ के पुल के पास पहुंची तो पुल के नजदीक एक पेड़ के पास ईंटों से बनी बैठने वाली जगह पर दो युवक संदिग्ध हालत में बैठे दिखाई दिए। एएसआई धर्मिंदर सिंह ने शक के आधार पर तुरंत वाहन रुकवाया और साथी कर्मचारियों की मदद से मौके पर पहुंचकर जांच की।

पुलिस के अनुसार दोनों युवक वहां बैठकर नशा कर रहे थे। पुलिस पार्टी को देखते ही उन्होंने नशे से संबंधित सामान अपने पास से फेंक दिया और घबरा गए। दोनों को मौके पर काबू कर नाम-पता पूछा गया। एक युवक ने अपना नाम कुलदीप सिंह उर्फ कीपा पुत्र बलवीर सिंह निवासी गांव अमरगढ़ कलेर बताया, जबकि दूसरे ने अपना नाम कुलविंदर सिंह उर्फ काका पुत्र शेर सिंह निवासी अमरगढ़ कलेर थाना सदर जगराओं बताया।

पुलिस क्राइम रिपोर्ट के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में नशा विरोधी अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

Samantha



# दिल्ली AI समिट में मंच पर दिखी 'ठंडी जंग': ऑल्टमैन-अमोदेई ने नहीं मिलाया हाथ, कैमरों में कैद हुआ पल




चंडीगढ़/नई दिल्ली। इंडिया अकइम्पैक्ट समिट 2026 का उद्देश्य वैश्विक सहयोग, जिम्मेदार नवाचार और समावेशी विकास का संदेश देना था, लेकिन मंच पर घटित कुछ सेकंड का एक दृश्य पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब दुनिया के शीर्ष टेक दिग्गजों के साथ मंच पर खड़े होकर एकता के प्रतीक स्वरूप हाथ मिलाने का आह्वान कर रहे थे, तभी ओपनअक्के उएड सैम ऑल्टमैन और एंथ्रोपिक के उएड डारियो अमोदेई ने एक-दूसरे का हाथ थामने से परहेज किया। दोनों बगल में खड़े थे, पर हाथ मिलाने के बजाय मुट्ठी बांधे रहे — और कैमरों ने इस ह्यखामोश संदेशह्ल को तुरंत पकड़ लिया।

यह क्षण भले क्षणिक था, पर इसके पीछे वर्षों की पेशेवर प्रतिस्पर्धा और वैचारिक मतभेदों की कहानी जुड़ी है। अमोदेई कभी ओपनअक में वरिष्ठ शोधकर्ता रहे, लेकिन 2020 में अकसुरक्षा और गवर्नेंस को लेकर मतभेदों के बाद अलग हो गए। 2021 में उन्होंने एंथ्रोपिक की सह-स्थापना की, जो ह्यसेफ्टी-फर्स्टह्ल अकमॉडल्स पर जोर देती है। तब से दोनों कंपनियां उन्नत लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स की वैश्विक दौड़ में आमने-सामने हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, जहां ओपनअकतेजी से नवाचार और व्यापक तैनाती की राह पर है, वहीं एंथ्रोपिक नियंत्रित विस्तार और अलाइनमेंट रिसर्च को प्राथमिकता देता है। दिल्ली समिट में सहयोग की बातों के बीच मंच पर दिखी यह बॉडी लैंग्वेज अकइंडस्ट्री के बढ़ते प्रतिस्पर्धी और उच्च-दांव वाले माहौल की प्रतीक बन गई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दुनिया में, जहां गठजोड़ और प्रतिद्वंद्विता पल-पल बदलती है, कभी-कभी एक न मिलाया गया हाथ भी बहुत कुछ कह जाता है।

# अवैध निर्माण को लेकर एमएस एनक्लेव के निवासियों में रोष



जीरकपुर, यूटर्न, 19 फरवरी। एमएस एनक्लेव पार्ट-वन के स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी पर सड़क पर हो रहे अवैध निर्माण के मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

स्थानीय निवासियों के अनुसार नगर परिषद की टीम मौके पर आकर जांच करती है और बिना किसी कार्रवाई के लौट जाती है। लोगों ने आरोप लगाया कि 20 फुट चौड़ी सड़क पर एक शोरूम मालिक द्वारा 4 से 5 फीट तक सीढ़ियां बनाकर नाजायज कब्जा कर लिया गया है, जिससे रास्ता संकरा हो गया है।

निवासियों ने बताया कि जब ढकोली रेलवे फाटक बंद होता है, तो क्षेत्रवासी इसी वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन अवैध अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। लोगों का कहना है कि वे अपने घरों के बाहर वाहन तक खड़े नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि आपातकालीन स्थिति में न तो फायर ब्रिगेड और न ही एंबुलेंस इन गलियों से गुजर सकती है, जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है।





## नक्शा ढाई मंजिल का, इमारत चार मंजिला

स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद द्वारा ढाई मंजिला तक के नक्शे पास किए जाते हैं, लेकिन क्षेत्र में चार-चार मंजिला इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। नियमों की अनदेखी कर निर्माण कार्य जारी है।

## प्रशासन से मांग

स्थानीय निवासियों आशा, शीतल, पार्षद धर्मेंद्र गौतम, भरत सेठी, रीटा, सागर गगनेजा और दिनेश पाल शर्मा ने नगर परिषद प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अवैध अतिक्रमण हटाकर सरकारी सड़क को खाली कराया जाए और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## पार्किंग एरिया में खोदी जा रही बड़ी होदी

शोरूम के सामने पार्किंग एरिया में बड़ी होदी खोदकर पानी के टैंक की व्यवस्था की जा रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि इस लाइन में मात्र तीन से चार शोरूम ही नक्शे के अनुसार बने हैं, जबकि बाकी निर्माण नक्शे के विपरीत किए जा रहे हैं, जिन पर नगर परिषद के अधिकारियों की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा।

# ग्रामीण ओलंपिक में सीएम मान के बड़े ऐलान, खेलों को मिलेगी नई उड़ान, नशे के खिलाफ 'स्पोर्ट्स स्ट्राइक': हर गांव में बनेगा स्टेडियम





लुधियाना, 19 फरवरी 2026। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने ऐतिहासिक किला रायपुर ग्रामीण ओलंपिक में शिरकत करते हुए खेलों को नशे के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार करार दिया। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में खेलों के लिए आवंटन बढ़ाया जाएगा ताकि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सके। सीएम मान ने बताया कि पिछली सरकारों के दौरान प्रतिबंधित बैलगाड़ी दौड़ को उनकी सरकार ने कानून में संशोधन कर दोबारा शुरू किया है। उन्होंने कहा, 'जब बच्चे मैदान में पसीना बहाएंगे और घर मेडल लाएंगे, तो नशा विरोधी अभियानों की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।' उन्होंने इसे पंजाब की ग्रामीण विरासत और संस्कृति की पुनर्स्थापना बताया। मुख्यमंत्री ने किला रायपुर में 8 एकड़ में फैले छप्पड़ के सौंदर्यीकरण, आधुनिक लाइब्रेरी निर्माण, स्टेडियम में फ्लड लाइट्स, एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड और सड़कों के नवीनीकरण सहित कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने ह्लयुद्ध नशों विरुद्धह्व अभियान शुरू किया है और हर गांव में स्टेडियम बनाने की दिशा में काम हो रहा है। सीएम ने लोगों से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए पंजीकरण कराने की अपील भी की।

# डोप टेस्ट में युवक पॉजिटिव, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 19 फरवरी। थाना जीरकपुर पुलिस ने नशा सेवन के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस चौकी बलटाना के हवलदार कुलदीप सिंह अपनी टीम के साथ फर्नीचर मार्केट बलटाना क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि हैरी कुमार निवासी पंजाब मॉडर्न कॉम्प्लेक्स, बलटाना नशा करने और दूसरों को भी नशा उपलब्ध कराने का आदी है तथा कलगीधर मार्केट में मौजूद है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिये के युवक को काबू कर लिया। कानूनी प्रक्रिया के तहत उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के प्रावधानों से अवगत करवाया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।

इसके बाद पुलिस उसे सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले गई, जहां कराए गए डोप टेस्ट में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। डोप टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 27, 61 और 85 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।